महत्वपूर्ण एवं खास

इलाके में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

बलरामपुर (आरएनएस)। जिले में टाइगर ने एक बार फिर से रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में एक मवेशी का शिकार किया है। टाइगर के आ जाने से लोग जहां दहशत में है वही फॉरेस्ट की टीम ग्रामीणों से अपील कर रही है कि वह जंगल की तरफ ना जाएं। वाड्रफनगर और रघुनाथनगर में 10 दिन के भीतर तीन मवेशियों का शिकार करने के बाद बाघ पिछले लगभग 15 दिनों से शांत था और उसकी दस्तक सुनाई नहीं दे रही थी। इसी दौरान बाघ ने बीती रात रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में फिर से एक मवेशी का शिकार किया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उस इलाके में मौजूद है। इसके साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने में जुटी हुई है कि वह जंगल के करीब है बिल्कुल ना जाएं। फॉरेस्ट की टीम का कहना है कि बाघ जहां मवेशी का शिकार करता है वहां लगभग 2 दिन तक टिका रहता है क्योंकि जब तक उस मांस को पूरी तरह से नहीं खाता है उसी इलाके में भ्रमण करता रहता है।

जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने की पिता की हत्या

कोरबा (आरएनएस)। जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते होली के दिन नशे में धुत छोटे बेटे से पिता की कहासुनी हो गई। तब बेटे ने पिता को जमीन पर पटककर गिराया, फिर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत करमंदी गांव में निवासरत 65 वर्षीय वृद्ध चमार सिंह गोड़ के मकान के साथ ही उसके दो बेटे कवल गोड़ 39 व पवन गोड़ 37 का अलग-अलग मकान है। चमार सिंह के नाम से गांव में मौजूद जमीन के बंटवारे को लेकर पवन से उसका विवाद चल रहा था। होली के दिन पवन नशे में धुत होकर घर पहुंचा, जहां जमीन बंटवारे को लेकर पिता.पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। पिता ने नशे में बात करने की बात कहते हुए उसे एक झापट मारा। इतने में आक्रोशित होकर पवन ने पिता को जमीन पर पटककर गिराते हुए उसका गला दबा दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पवन वहां से अपने घर चला गया। सुबह जब वृद्ध नहीं दिखा तो बड़ा पुत्र कवल उनके घर गया, जहां वह मृत हालत में पड़ा था। बेसुध होने की सोचकर कंवल वाहन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का पता चलने पर उरगा थाना में रिपोर्ट लिखाई गई, जहां मामले में आरोपी पुत्र पवन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

चाकू दिखाकर लोगो को भयभीत करने वाला बदमाश गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज तिराहा के पास चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगों को गाली गुप्तार और डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर थाना कोतवाली की टीम कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया गया। जिस पर पुलिस टीम के द्वारा कॉलेज तिराहा के पास पहुंचकर एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ पर अपना नाम राहुल स्वामी पिता चिन्ना स्वामी उम्र 20 साल जाति स्वीपर निवासी महावीर नगर धमरपुरा जगदलपुर का होना बताया। जिसके कब्जे से एक लोहे का बड़ा चाकु बरामद कर, जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

वृहद केलो परियोजना से 22 हजार हेक्टेयर में होगी सिंचाई

- रायगढ़ जिले के 167 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पानी
- पेयजल और निस्तार में भी होगी सहायक
- मुख्य व शाखा नहर का काम पूरा, वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम

रायगढ़। रायगढ़ की जीवनरेखा केलो नदी पर बन रही केलो वृहत सिंचाई परियोजना से जिले में व्यापक स्तर पर सिंचाई की सुविधा किसानों को मिलेगी। इस विशाल परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। केलो डैम की क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इसमें राज्य के साथ केंद्र का भी हिस्सा है। इसके निर्माण की उच्च स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है। दिसंबर 2023 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूरा, वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम- परियोजना में कुल 313 कि.मी.लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 कि.मी. लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 1 मुख्य नहर के साथ, 1 शाखा नहर, 7 वितरक नहर और 91 लघु नहरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य नहर के 28.31 किमी और झारमुड़ा के 16.11 कि.मी.शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 68.60 कि.मी.वितरक नहर और 135.50 कि.मी.लघु नहरों का काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी पूरा किया जा रहा है। परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना पूर्ण होने से ये होंगे फायदे- केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नहर से पानी मिलने से जहां सिंचित रकबे में वृद्धि होगी वहीं फसल की उत्पादकता भी बढ़ेगी। भू-जल रिचार्ज करने में भी इससे मदद मिलेगी। निस्तार और पेयजल की आपूर्ति में भी सहायता होगी।

नक्सलियों ने बड़े तुमनार साप्ताहिक बाजार में लगाया पोस्टर व कुकर बम

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़े तुमनार में बीती रात नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार में पोस्टर लगाने के साथ ही कुकर बम भी लगाए। पुलिस को नक्सली बैनर लगाये जाने की जानकारी मिलने पर आज रविवार की सुबह जवानों ने बड़े तुमनार साप्ताहिक बाजार के इलाके में सर्चिंग कर नक्सली पोस्टर जब्त कर बाजार क्षेत्र से एक कुकर भी बम बरामद किया है।

गीदम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की इंद्रावती एरिया कमेटी के द्वारा शनिवार की देर रात को नक्सलियों ने बड़े तुमनार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के शुरू होने से पहले यहां पर पोस्टर लगाने के साथ ही कुकर बम भी लगा दिए थे। नक्सली बैनर में बेरहबेड़ा घटना में दोषी शासन-प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही दोषियों को सजा देने की बात लिखी गई है। इसके अलावा आदिवासियों के इज्जत व जान का खतरे का हवाला देते हुए पुलिस कैंपों को तत्काल हटाए जाने की बात पोस्टर के जरिए कही गई है।

भोजन-पानी की तलाश में शहर की गलियों में घूमते दिखे वन्य प्राणी भालू

कांकेर (आरएनएस)। जिले में इन दिनों गर्मी में तापमान बढने के साथ ही भोजन-पानी की तलाश में वन्य प्राणी भालू कांकेर शहर की गलियों में घूमते देखे जा रहे हैं। एकता नगर में आज रविवार के सुबह 08 बजे एक भालू सडक़ों में दौड़ते देखा गया। नगर के एक शिक्षक ने भालू सडक़ में घूमने का वीडियो बना लिया। शिक्षक पवन सेन ने बताया कि अक्सर भालू सडक़ों में इस तरह घूमते देखा गया है, लेकिन अभी तक किसी प्रकार का नुकसान भालू ने नही पहुंचाया है।

उल्लेखनिय है कि नगर के आस-पास के जंगलों में वन्य प्राणी भालू की बहुतायत संख्या है। अक्सर भोजन पानी की तालाश में भालू जंगल से नगर की ओर रुख कर जाते हैं। जंगलों में छोटे-छोटे डबरी जानवरों के लिए बनाए गए है लेकिन गर्मी के शुरुआती समय में ही डबरी सूखने की कगार पर है। फलदार वृक्षों की संख्या भी जंगलों में घट रही है, जिसके चलते भालू नगर की ओर आ जाते है। वन्य प्राणी भालुओं के इस तरह नगर में विचरण से लोगों में दहशत का माहौल रहता है। कांकेर नगर के आस-पास शिवनगर-ठेलकाबोड के पहाडिय़ों में 2014-2015 में 30 हजार हेक्टेयर भूमि में वन विभाग ने वन्य प्राणी भालू विचरण और रहवास क्षेत्र बनाया था, जिसका नाम जामवंत परियोजना दिया गया था। इस परियोजना के तहत अमरूद, बेर, जामुन जैसे फलदार वृक्ष लगाना था। वन विभाग ने फलदार पौधा तो लगाए लेकिन कोई भी फल देने लायक नहीं बन पाया जिसके कारण अब जंगली भालुओं को शहर की तरफ भोजन के लिए आना पड़ता है।

खुडखुड़िया पट्टी पर जुआ खिलाने वाला समेत जुआ खेल रहे 10 जुआरी गिरफ्तार, जुआ सामग्री समेत 50650 रुपए नगद जब्त

- चिरमिुड़ा जंगल में साइबर सेल और तमनार पुलिस की टीम ने की जुआ रेड कार्यरवाई

रायगढ़। ओडिशा से लगे तमनार- लैलूंगा क्षेत्र के जंगलों में ओडिशा सीमावर्ती गांव के कई जुआरियों के 52 पत्ती ताश तथा खुडखुड़िया पट्टी में रुपयों का दांव लगाकर जुआ की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मिल रही थी। इन सूचनाओं पर कारगर कार्यवाही के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी/ एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को कार्यवाही कराने का निर्देश दिया गया है। निर्देशों के पालन में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी तमनार, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धरजयगढ़ को क्षेत्र में मुखबीर लगाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। साथ ही साइबर सेल स्टाफ को भी क्षेत्र में अपने मुखबिर सक्रिय कर नजदीकी करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में आज शाम साइबर सेल स्टाफ तमनार क्षेत्र जाकर सक्रिय मुखबिरों से सूचना लिये। मुखबिर से सूचना मिली कि चिरमिुड़ा तमनार के जंगल में बाहरी लोग खुडखुड़िया पट्टी में रुपए का दांव लगाकर जुआ खिलाया जा रहा है। साइबर सेल स्टाफ द्वारा मुखबिर से मिली सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद थाना तमनार एवं साइबर सेल स्टॉफ की संयुक्त टीम बनाकर सुनियोजित तरीके से मुखबिर द्वारा बताए स्थान की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां जुआ खिलाने वाला समेत 10 जुआरियों को पुलिस पकड़ी जिनके पास से नगद रु.50650 और खुडखुड़िया जुआ सामग्री की जब्ती की गई है। जुआ फड पर पकड़े गए जुआरी हिमगिर ओडिशा, तमनार, लैलूंगा क्षेत्र के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा जुआरियों को आगे क्षेत्र में जुआ खेलते पकड़े जाने पर पृथक से प्रतिबंधक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। पकड़े गए 10 जुआरियों पर धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत थाना तमनार में कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, देव प्रसाद राठिया तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, प्रदीप गहलोत, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, नंदू पैकरा, प्रदीप तिवारी, मुकेश यादव, साविल चंद्रा, विकास प्रधान, सुरेश सिदार और नवीन शुक्ला शामिल थे।

पांच साल से फरार धोखाधड़ी मामले का आरोपी गिरफ्तार

- घरघोड़ा पुलिस ने डभरा के गांव में छिपे आरोपी को दबिश देकर पकड़ा

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा पुराने मामलों के निराकरण में दिये गये दिशा निर्देशन पर घरघोड़ा पुलिस को वर्ष 2018 के धोखाधड़ी मामले के फरार आरोपी की गिरफ्तारी में सफलता मिली है। घरघोड़ा पुलिस ने हार्डवेयर व्यवसायी से धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी मनोज कुमार साहू को सीमावर्ती जिला सक्ती के डभरा क्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा है। आरोपी हार्डवेयर गोदाम के मुंशी के साथ मिलकर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से गोदाम के माल को बिल से अधिक संख्या में गोदाम के अल्बेस्टर शीट बेचे थे। हार्डवेयर संचालक धोखाधड़ी की जानकारी होने पर थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

जानकारी के मुताबिक 15 जून 2018 को थाना घरघोड़ा में रिपोर्टकर्ता नितेश मित्तल पिता शिव कुमार मित्तल उम्र 33 वर्ष निवासी घरघोड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उनके हार्डवेयर गोदाम में बोधराम पंडा निवासी झरियापाली मुंशी एवं मनोज कुमार साहू मिस्त्री का काम करते थे। गोदाम के मुंशी और मिस्त्री के द्वारा गोदाम से अल्बेस्टर शीट को चोरी से ट्रेक्टर में माल बेच दिया गया था। काफी समय बाद सामानों की जांच करने के दौरान सामान की मात्रा में बहुत कमी नजर आने पर शंका हुआ। तब दोनों पर नजर रखा हुआ था। दिनांक 05/06/2018 को दोनों को रंगे हाथ पकड़ा, दोनों जिसे शीटें बेचे थे, वो बिल से अधिक संख्या में था। मिस्त्री मनोज साहू उसी दिन से फरार हो गया। मुंशी बोधराम पंडा माफी मांगने लगा और 1,50,000 लाख रूपये हर्जाना भरने को तैयार था किन्तु फिर टाल मटोल किया। धोखाधड़ी, अमानत में आवेदन पर आरोपियों पर अप.क्र. 172/2018 धारा 408, 420, 34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

अपराध दर्ज के बाद से दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने लुक छिप रहे थे, पुलिस लगातार दबिश देकर दबाव बना रही थी। विवेचना के दरमियान 10 मार्च 2023 को आरोपी बोधराम पंडा पिता स्वर्गीय माखनलाल पंडा उम्र 52 साल निवासी झरियापाली घरघोड़ा जिला रायगढ़ को हाईकोर्ट आदेश पर फॉर्मल गिरफ्तारी किया गया। फरार आरोपी मनोज कुमार साहू के डभरा के समीप ग्राम सुखदा में देखे जाने की जानकारी पर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा स्टाफ भेजकर आरोपी की तस्दीक किए जिसके गांव में आने जाने की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस गांव में मुखबीर तैनात कर निगाह रखे हुये थी। आज आरोपी मनोज साहू के गांव आने की सूचना पर तत्काल घरघोड़ा पुलिस डभरा में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी मनोज कुमार साहू पिता दिलहरण साहू उम्र 38 साल निवासी ग्राम कर्रा थाना सीपत जिला बिलासपुर हाल मुकाम मंगलम राइस मिल सुखदा थाना डभरा, जिला सक्ती अपने साथी बोधराम पंडा के साथ मिलकर अपराध कार्य करना स्वीकार किया है जिसे आज गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसकी पत्नी को देते हुए जेएमएफसी कोर्ट घरघोड़ा न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर 5 साल से फरार आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक उदय सिदार, आरक्षक पुरूषोत्तम सिदार की अहम भूमिका रही है।

बंद नहीं होगी कोई भी शराब दुकान, 2023-24 में 6700 करोड़ रुपए शराब से कमाएगी छत्तीसगढ़ सरकार

रायपुर (आरएनएस)। शराब के शौकिनों के लिए संभवत: ये खबर अच्छी हो सकती है. क्योंकि प्रदेश की कोई भी शराब दुकान आगामी वर्ष यानी 2023-24 में बंद नहीं होने वाली है. वहीं अगले साल शराब से प्रदेश सरकार की भी कमाई बढने वाली है।

नई आबकारी नीति के मुताबिक सरकार ने नए वर्ष में 6700 करोड़ रुपए शराब की ब्रिकी से कमाने का लक्ष्य तय किया है. बता दें कि प्रदेश में 670 देशी-विदेशी शराब दुकानें है, यानी औसतन 1 दुकान से 10 करोड़ रुपए सालाना लक्ष्य रखा गया है।

चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में आबकारी से अब तक 6200 करोड़ रुपए का राजस्व सरकार को प्राप्त हो चुका है. अधिकारियों को ऐसा अनुमान है कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लगभग 6900 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है. जबकि विभाग का लक्ष्य 5500 करोड़ रुपए था।

आंगनबाड़ी में वैक्सीनेशन के बाद मासूम की मौत पर बवाल, थाने पहुंचा मामला

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में टीका लगने के बाद बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। दरअसल महिना अपने दो माह के बच्चे को वैक्सीनेशन के लिए आंगनबाड़ी लेकर गई। यहां अलग अलग तीन टीके लगे। घर आने के बाद शाम को अचानक तबीत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजन मासूम के शव को लेकर थाने पहुंचे और आंगनबाड़ी में गलत टीका लगाने की शिकायत की। फिलहाल मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घटना बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। ग्राम गतौरा निवासी राजू केंवट व उसकी पत्नी सहित गांव के कुछ लोग थाने पहुंचे। महिला की गोद में उसके बच्चे का शव था। महिला ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे प्रियांशु को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में टीका लगाने ले गए थे। शुक्रवार को गांव की आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य विभाग के लोग टीका लगाने के लिए आए थे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रियांशु को भी तीन टीके लगाए। टीका लगने के बाद सब ठीक था लेकिन शाम को बच्चे की तबीयत बिगड़ी और देर रात उसकी मौत हो गई।

महिला ने बताया कि उसके बच्चे को स्वास्थ्य कर्मियों ने गलत टीका लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। नाराज परिजनों इस मामले की जांच की मांग की गई। मस्तूरी पुलिस ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू की गई। बच्चे का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा और उसके अनुसार जांच आगे बढ़ाई जाएगी। इधर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चे को सही टीका लगाया गया। टीका गलत होने पर 45 मिनट में इसका असर दिख जाता है।

ब्लाइंड मर्डर सुलझाने में कोतरारोड पुलिस को मिली सफलता, दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने प्लानिंग के साथ युवक की हत्या कर पावरग्रिड के पास छोड़ गए थे शव
- मर्ग की सूक्ष्मता से जांच कर आरोपियों तक पहुंची कोतरारोड पुलिस, हुआ हत्या का खुलासा

रायगढ़। 18 दिसंबर 2022 को कोतरारोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरा पावरग्रिड के पास एक अज्ञात युवक उम्र करीब 25 साल का शव पड़ा मिला था। कोतरारोड पुलिस मर्ग जांच में लेकर शव पंचनामा कार्यवाही किया गया। अज्ञात मृतक की शिनाख्त ग्राम बायंग, थाना कोतरारोड के कमल दास महंत पिता हृदय दास महंत उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई। शव निरीक्षण पर मृतक के शरीर में आए चोट प्रथम दृष्टया हत्या की ओर इशारा कर रहे थे। जांच में मृतक का पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का स्पष्ट कारण नहीं होने से थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर मामले की सूक्ष्मता से जांच किया जा रहा था। थाना प्रभारी द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए और घटना को लेकर मृतक के गांव बायंग में अपने मुखबीर लगाकर जानकारियां एकत्र किया गया जिसमें मृतक का उसके गांव के देवदास महंत के साथ उठना, बैठना और एक साथ काम धंधा करने की जानकारी मिली तथा गांव के ही कैलाश सिदार की नजदीकी रिश्तेदार के साथ मृतक कमल दास महंत के प्रेम संबंधों की जानकारी का पता चला।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ इस ओर अपनी विवेचना बढ़ाए और गवाहों से दोबारा बयान लिये जिसमें पता चला कि कैलाश सिदार के द्वारा मृतक कमल दास को कई बार जान से मारने की धमकी दिया था और देवदास महंत के साथ कमल महंत के बीच काम धंधा को लेकर बहसबाजी हुई थी। दोनों संदेही देव दास महंत और कैलाश सिदार को थाना प्रभारी तलब कर दोनों से अलग-अलग तरीकों से पूछताछ किए जाने पर दोनों मिलकर 17 दिसंबर के शाम कमल महंत की हत्या कर शव को कोतरारा पावरग्रिड के पास छोड़कर आ जाना बताए।

आरोपी देवदास महंत बताया कि वह कमल दास के साथ कई बार शराब बेचने का काम किया था। उसे इस बात की खीज थी कि कमल धंधे में रुपए नहीं लगाता था और कमाई का आधा हिस्सा लेता था। वहीं कैलाश सिदार को उसके नजदीकी रिश्तेदार के साथ कमल का प्रेम संबंध होने का खटास था। तब दोनों हत्या की योजना बनाकर 17 दिसंबर के शाम कमल को बायंग से मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर में बिठाकर नंदेली लाये, जहां कमल को खूब शराब पिलाए और नंदेली से मोटरसाइकिल में लेकर ग्राम कोतरा एकांत सुनसान स्थान में लेकर आये और मौका देख कर कमल दास महंत के सिर में राड से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिए और कमल के शव को कोतरा पावरग्रिड के पास छोड़कर दोनों वापस अपने-अपने घर ग्राम बायंग चले गए। आरोपियों के इकबालिया बयान पर दोनों को हिरासत में लिया गया और घटना में प्रयुक्त लोहे का छड (रॉड) जिसे नहर के अंदर फेंके गए स्थान से पुलिस बरामद की। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर सीजी 13 एजे 1312 को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा व थाने की सुपरविजन अधिकारी डीएसपी निकिता तिवारी मिश्रा के मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव, सहायक जांचकर्ता एएसआई कमल राजपूत, प्रधान आरक्षक करुणेश राय, आरक्षक अभिषेक द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480